दिनांक 05.05.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई के महापौर श्री देवेन्द्र यादव की अध्यक्षता में महापौर परिषद की बैठक महापौर कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में 8 प्रस्ताव पर विचार विमर्श किया गया जिसमें महामाया फ्यूल्स द्वारा निगम के वाहनों में वांछित स्थल पर ईंधन प्रदाय के संबंध में निविदा आमंत्रित किये जाने के निर्देश दिये। शेष बिन्दु सर्वसम्मति से पारित किया गया। महापौर परिषद की अगली बैठक महापौर कक्ष में 08 मई 2018 मंगलवार को दोपहर 1 बजे आयोजित की गई है। नगर विकास को लेकर निगम महापौर श्री देवेन्द्र यादव के मुख्य आतिथ्य में महापौर परिषद की बैठक में निम्नांकित विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई एवं तथा सभी एजेंडों पर सर्वसम्मति से पारित किया गया। नगर पालिक निगम, भिलाई के वाहनों में महामाया फ्यूल्स से वांछित स्थल पर ईंधन प्रदान किये जाने के प्रस्ताव पर चर्चा करते हुए महापौर परिषद के सदस्यों के द्वारा निविदा आमंत्रण किये जाने के प्रस्ताव पारित किये। आज की बैठक में मुख्य रुप से प्रस्ताव क्रमांक 1. नेहरु नगर में कब्रिस्तान के पीछे पंडित दीनदयाल मांगलिक भवन निर्माण कार्य। 2. वार्ड 52 सेक्टर 04 के विभिन्न स्थानों में नाली निर्माण कार्य। 3. वार्ड 61 विद्युत मंडल ऑफिस से रविन्द्र भगत के घर तक नाला विकास कार्य। 4. वार्ड 61 प्रगति नगर मैत्री कुंज में पंडित दीनदयाल उपाध्याय सर्व समाज मांगलिक भवन योजना अंतर्गत भवन निर्माण कार्य। 5. वार्ड 38 पं. दीनदयाल पूरम आवासीय योजना का डामरीकरण कार्य। 6. वार्ड 32 में मिलन चौक, गुरुनानक चौक, पंजाबी मोहल्ला, जागीर चौक, एवं बंगाली मोहल्ला, गणेश बेकरी, इंदिरा चौक, के मार्गों का डामरीकरण कार्य। 7. महामाया फ्यूल्स द्वारा निगम के वाहनों में वांछित स्थल पर ईंधन प्रदाय के संबंध में। 8. वार्ड 06 आकाश गंगा व्यवसायिक परिसर में डामरीकरण कार्य, इन एजेण्डाओं पर महापौर परिषद की बैठक में चर्चा कर सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में महापौर परिषद के सदस्य नीरज पाल, लक्ष्मीपति राजू, दुर्गा प्रसाद साहू, डा. दीवाकर भारती, श्रीमती सुशीला देवांगन, श्रीमती सुभद्रा सिंह, सचिव जीवन वर्मा, आयुक्त के प्रतिनिधि सत्येन्द्र सिंह, सभी जोन के आयुक्त, स्वास्थ्य अधिकारी, सभी विभाग प्रमुख सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहें।

जन सम्पर्क अधिकारी